PART-1

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री- कप्तान जेम्स कुक

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल विभाग

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के अन्य खोज यात्री (Other Explorers of Renaissance Period)

पुनर्जागरण काल में पन्द्रहवीं से सत्रहवीं शताब्दी के मध्य कई अन्य साहसी नाविकों ने समुद्री यात्राएं करके नये-नये मार्गों, द्वीपों, देशों आदि की खोज किया। उनमें से कुछ प्रमुख खोजयात्री निम्नलिखित हैं-

(vi) कप्तान जेम्स कुक (Captain James Cook)

जेम्स कुक का जन्म 1728 में या्कशायर (ब्रिटेन) के मार्टन नगर में हुआ था। वह 1755 में ब्रिटिश सेना में भर्ती हो गया और आठ वर्षों (1759-1767) तक कनाडा के पूर्वी तटों का सर्वेक्षण किया। उसने तीन बार महान समुद्री यात्राएं एवं खोजे की थी। प्रथम यात्रा (1768-71) के दौरान वह समुद्री बेड़ा के साथ इंग्लैण्ड से चलकर दक्षिण अमरिका के दक्षिणी छोर होकर न्यूजीलैण्ड पहुँचा और वहाँ

से आस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से होता हुआ जावा तथा वहाँ से उत्तमाशा अंतरीप होते हुए लंदन लौट गया। दूसरी यात्रा (1772-75) में उसने अंटार्कटिका महाद्वीप के तटों का चक्कर लगाया। तीसरी यात्रा (1776-80) में वह उत्तमाशा अंतरीप से होकर न्यूजीलैण्ड गया और वहाँ उत्तरी प्रशांत महासागर के द्वीपों (हवाई द्वीप समूह) की खोज किया और उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट की विस्तृत खोज किया।



Captain James Cook travel map